भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.08.2022

आरेडिका में वाहन पार्किंग शेड का लोकार्पण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 05.08.2022 को गेट नं.03 के पास अनुबंधित कर्मचारियों हेतु पार्किंग शेड का लोकार्पण आरेडिका महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी के द्वारा किया गया।

महाप्रबंधक महोदय, एवं अधिकारियों द्वारा इस अवसर पर कदम्ब के पौधें का रोपण किया गया एवं अधिकारियों को इसके बेहतर संचालन के संबंध में सुझाव दिए गये।

इंजीनियरिंग विभाग के प्रधान मुख्य इंजीनीयर श्री सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि, आस–पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में अनुबंधित कर्मचारी अपने वाहनों से कारखाने में काम करने के लिए आते हैं वाहनों की पार्किंग एक बड़ी समस्या थी, धूप और बरसात के मौसम में वाहनों को खुले मैदान में खड़ा करना पड़ता था अतः पार्किंग शेड के निर्माण होने से लगभग 1500 वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। वाहनों को व्यवस्थित ढंग से पार्क करने के लिए टोकन व्यवस्था प्रारम्भ की जाएगी।

इसी कड़ी में गेट नं.02 के पास नवनिर्मित शेड का लोकार्पण श्री जय प्रकाश बी.पाण्डेय (सीनियर टेक्नीशियन) के द्वारा महाप्रबंधक महोदय एवं उच्च अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

05/8/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी